कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी (बाल विकास) रामपुर।

पत्रांक– / /जि0का0अधि0/विज्ञप्ति/2021–22 दिनांक– 10 जून,2021

विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या 11/2021/388/58–1–2020–2/1(22)10 टी0सी0 दिनांक 29.01.2021 के द्वारा समन्वित बाल विकास परियोजना के अन्तर्गत आंगनबाडी कार्यकत्री/मिनी आंगनबाडी कार्यकत्री/सहायिकाओं की मानदेय पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। विज्ञापित पदों का विवरण निम्नानुसार है–

क्र0 सं0	परियोजना का नाम	रिक्त आंगनबाडी कार्यकत्री की संख्या	रिक्त मिनी आंगनबाडी कार्यकत्री की संख्या	रिक्त आंगनबाडी सहायिका की संख्या
1	मिलक	31	17	50
2	चमरव्वा	39	3	37
3	सैदनगर	36	9	43
4	शाहाबाद	41	19	53
5	स्वार	90	18	99
6	बिलासपुर	38	34	43
7	रामपुर शहर	57	0	69
8	स्वार शहर	15	0	35
	कुल योग–	**347**	**100**	**429**

चयन हेतु निर्धारित मानदंड

1. उक्त पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी द्वारा ही आवेदन किये जायेगे।
2. आवेदन केवल ऑन लाईन स्वीकार किये जायेगें। आवेदन वेवसाईट **http//balvikasup.gov.in** पर किये जा सकेगे।
3. कार्यकत्री, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री पद हेतु शैक्षिक योग्यता न्यूनतम हाई–स्कूल तथा सहायिका हेतु कम से कम कक्षा–5 उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
4. आयु– 21 से 45 वर्ष।
5. आवेदिका को उसी ग्राम पंचायत/वार्ड का निवासी होना अनिवार्य है जहां का पद विज्ञापित है।
6. सर्वप्रथम सहायिका का चयन कार्यकत्री पद पर किया जायेगा यदि उन्होंने 05 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो, हाई स्कूल उत्तीर्ण हो तथा आयु 50 वर्ष से अधिक न हो।
7. इसके बाद गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाली विघवा महिला, अनुपलब्धता की दशा में तलाकशुदा/परित्यकता महिला को चयन में वरीयता दी जायेगी। गरीबी रेखा का मानक ग्रामीण क्षेत्रों में–रू0 46080 प्रति परिवार वार्षिक आय तथा शहरी क्षेत्रों में– रू0 56460 प्रति परिवार वार्षिक आय होगी।
8. उपरोक्त के अनुपलब्धता की दशा में ही गरीबी रेखा के उपर जीवन यापन करने वाली महिलाओं के चयन पर विचार किया जायेगा।

9. ऑनलाईन आवेदन करने की **अन्तिम तिथि दिनांक 30.06.2021** होगी।
10. चयन पूर्णतया मेरिट के आधार पर किया जायेगा।
11. विज्ञापित पदों का ग्रामवार/वार्डवार/आरक्षण सहित पूर्ण विवरण विभागीय वेवसाईट **http//balvikasup.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। अन्य किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी, सम्बन्धित बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा कमरा न0–210,211 जिला कार्यक्रम कार्यालय विकास भवन से प्राप्त की जा सकती है अथवा 0595–2355207 पर सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।
12. जो पद जिस आरक्षण श्रेणी हेतु आरक्षित है, उसी श्रेणी के आवेदन स्वीकार किये जायेंगे।

(राजेश कुमार)
जिला कार्यक्रम अधिकारी,
रामपुर।

पृष्ठांकन सं0 C-177 **तद् दिनांक–** 10/06/2021
प्रतिलिपिः– निम्नलिखित की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित–

1– निदेशक बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उ0प्र0 लखनऊ।
2– जिलाधिकारी, रामपुर।
3– मुख्य विकास अधिकारी, रामपुर।
4– समस्त प्रमुख कार्यालयों के सूचना पट पर चस्पा हेतु।
5– जिला सूचना अधिकारी को इस अनुरोध से कि विज्ञप्ति का व्यापक प्रचार–प्रसार कराने का कष्ट करें।
6– समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी रामपुर।
7– सम्पादक दैनिक जागरण, अमर उजाला एवं हिन्दुस्तान को इस अनुरोध से कि उक्त विज्ञप्ति को शासकीय दरों पर प्रकाशित करने का कष्ट करें।

10/6/21
जिला कार्यक्रम अधिकारी,
रामपुर।

प्रेषक,

जिला कार्यक्रम अधिकारी,
रामपुर।

सेवा में

समस्त,
जिला स्तरीय अधिकारी
जनपद–रामपुर।

पत्रॉक C-183 जि0कार्य0अधि0 / विज्ञप्ति / 2021–22 दिनॉक 10 जून 2021

विषयः– **आगनबाड़ी कार्यकत्री / मिनी आगनबाड़ी कार्यकत्री / सहायिका की नियुक्ति के सम्बन्ध में।**

महोदय,

अवगत कराना है कि शासनादेश संख्या 11 / 2021 / 388 / 58–1–2020–2 / 1(22)10 टी0सी0 दिनांक 29.01.2021 के द्वारा समन्वित बाल विकास परियोजना के अन्तर्गत आंगनबाड़ी कार्यकत्री / मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं की मानदेय पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये है।

उक्त विज्ञप्ति की छाया प्रति आपको इस आश्य से प्रेषित है कि अपने कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने की कृपा करें जिससे आमजन को विज्ञप्ति की जानकारी हो सके।

भवदीय,

जिला कार्यक्रम अधिकारी,
रामपुर।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–
1. निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उ0प्र0 लखनऊ।
2. जिलाधिकारी, महोदय रामपुर।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदया, रामपुर।

जिला कार्यक्रम अधिकारी,
रामपुर।